INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Worksheet-No-9 Lessons - 6 and 7	Topic: Answers of Grammar Worksheet .	Note: Pl. write in your note book.

पाठ - 6 - जो देखकर भी नहीं देखते 7 - मैं सबसे छोटी होऊँ -

प्रश्न 1 - निम्नलिखित शब्दों से दो- दो पर्यायवाची बनाइए:-

1 -	संसार	-	दुनिया	, विश्व	,	जगत
2 -	शत्रु	-	अरि	, वैरी	,	दुश्मन
3 -	नारी	-	स्त्री	, महिला	,	अबला
4 -	चंद्रमा	-	चाँद	, शशि	,	राकेश
5 -	गाय	-	गौ	, धेनु	,	गऊ
6 -	तालाब	-	सर	, सरोवर	,	ताल
7 -	किनारा	-	तट	, कूल	,	तीर
8-	देह	-	शरीर	, तन	,	काया

प्रश्न- 2 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :-

1 - अगला - पिछला
2 - पाप - पुण्य
3 - मालिक - नौकर
4 - कायर - वीर
5 - पुराना - नया
6 - अमृत - विष
7 - आस्तिक - नास्तिक

प्रश्न- 3 दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -

1- बिना सोचे समझे किया गया विश्वास - अंधविश्वास
2- जिसका कभी जन्म ना होता हो- अजन्मा

3- आज्ञा का पालन करने वाला -	आज्ञाकारी
4- जिसे लज्जा न आती हो -	निर्लज्ज
5- वर्ष में एक बार होने वाला -	वार्षिक
6- जिस पर विश्वास किया जा सके-	विश्वसनीय
7-ऐसा स्थान जहाँ कोई भी व्यक्ति न रहता हो -	निर्जन
8- केवल शाक सब्जी खाने वाला-	शाकाहारी

प्रश्न 4- निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर के फिर से लिखिए |

1- बच्चे पढ़ रहे हैं किताब।
उत्तर- बच्चे किताब पढ़ रहे हैं।
2- क्या आप नाश्ता कर लिए हैं ?
उत्तर- क्या आपने नाश्ता कर लिया है ?
3- ड्राइवर मीरा को कार चलाना सीख रहा है।
उत्तर- ड्राइवर मीरा को कार चलाना सिखा रहा है।
4 - वह हिमालय पहाड़ पर चढ़ गया ।
उत्तर- वह हिमालय पर चढ़ गया।
5- लड़की गाना गा रहा है ।
उत्तर- लड़की गाना गा रही है ।
6- तुम्हें अभी बहुत बातें सीखना है।
उत्तर- तुम्हें अभी बहुत बातें सीखनी हैं ।
7- तुम्हारे को मुझसे क्या काम है?
उत्तर- तुम्हें मुझसे क्या काम है ?
8- वह मुंबई से लौटकर वापस आ गई।
उत्तर- वह मुंबई से लौटकर आ गई।

प्रश्न -5 निम्न अनेकार्थी शब्दों से दो-दो शब्द बनाएँ –

1 - हार	-	माला	,	हारना
2 - नित्य	-	प्रतिदिन	,	हमेशा
3 - अंक	-	गोद	,	संख्या
4 - पानी	-	जल	,	चमक
5 - गुरु	-	भारी	,	अध्यापक

प्रश्न 6 - निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए:-

1 - मित्र - मित्रता
2 - मानव - मानवता
3 - सफेद - सफेदी
4 - अच्छा - अच्छाई
5 - गरम - गरमी
6 - जीतना - जीत
7 - ठंडा - ठंडक
8 - चोर - चोरी

प्रश्न- 7 **-** निम्नलिखित वाक्यों में काल पहचान कर लिखिए **-**

1 - बिल्ली ने सारा दूध पी लिया । **--** भूत काल
2 - अध्यापिका जी ने कहानी सुनाई। **--** भूत काल
3 - बच्चे नाश्ता कर रहे हैं । **--** वर्तमान काल
4 - अमन क्रिकेट मैच खेलने जाएगा। **--** भविष्यत काल
5 **-** सोनू बगीचे में व्यायाम करता है। **--** वर्तमान काल
6 - पक्षी पिंजरे में बंद था। -- भूत काल
7 **-** तुम कब चलोगे ? **--** भविष्यत काल

******